दिन– गुरुवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 16 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

---

देश में कल से हाइड्रोजन चालित रेलगाड़ी की शुरूआत हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन पर हाइड्रोजन से चलने वाली देश की पहली रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह रेलगाड़ी हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक से संचालित है, जो ट्रेन को चलाने के लिए हाइड्रोजन को बिजली में परिवर्तित करती है। इस प्रक्रिया में केवल जल वाष्प उप–उत्पाद के रूप में उत्पन्न होती है। इससे संचालन के दौरान कार्बन उत्सर्जन शून्य होता है। भारत में ही डिजाइन, इंजीनियरिंग और एकीकृत की गई यह रेलगाड़ी स्वदेशी तकनीक का उपयोग करके विकसित की गई है।

——————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना के एक सौ पचास सरकारी विद्यालयों में लाइव क्लासेज की शुरुआत की है। श्री चौधरी ने शास्त्रीनगर स्थित राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इस पहल का विधिवत शुभारंभ किया। इस योजना के तहत नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए लाइव ऑनलाइन कक्षाएं, एआई आधारित अध्ययन सहायता, स्मार्ट डिजिटल कंटेंट, नोट्स तथा मॉक टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। इसके साथ ही जेईई, नीट और सीयूईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने पटना के दस मॉडल विद्यालयों में जेईई और नीट की निःशुल्क कोचिंग व्यवस्था की भी शुरूआत की। इस महीने के अंत तक पटना के सभी सरकारी स्कूलों में लाइव क्लासेज की शुरूआत कर दी जाएगी।

——————————————————————————

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए आज नाम वापसी का अंतिम दिन है। इसके बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किये जायेंगे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद छब्बीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें एनडीए की ओर से भाजपा के नीरज कुमार, राजद से रेखा कुमारी और जन सुराज पार्टी से प्रशांत किशोर प्रमुख हैं।

उपचुनाव के लिए मतदान तीस जुलाई को होगा। मतों की गिनती तीन अगस्त को की जायेगी।

———————————————————————

पटना जिले के बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र अंतर्गत बासघाट के करीब आज सुबह पुलिस के साथ मुठभेड़ में चर्चित बंटी यादव हत्याकांड का मुख्य आरोपी रवीश उर्फ बसिया घायल हो गया। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने बताया कि उसके पैर में गोली लगी है। घायल अपराधी को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है।

———————————————————————

प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय बना हुआ है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले एक सप्ताह तक राज्य के अधिकतर भागों में बारिश की परिस्थितियां बनी रहेंगी। विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान जहानाबाद, नालंदा और पटना जिले में विभिन्न स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा की आशंका को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कहीं—कहीं वज्रपात की घटना भी हो सकती है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण के मैनाटाढ़ में सबसे अधिक एक सौ चौवन मिलीमीटर से अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई।

———————————————————————

देशभर में आज भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जा रही है। आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक यात्रा में भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा रथ पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देते हैं। इधर, राजधानी पटना में इस्कॉन मंदिर की ओर से भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया गया है। रथ यात्रा बुद्धमार्ग स्थित इस्कॉन मंदिर से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुये वापस इस्कॉन मंदिर पर समाप्त होगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रथ यात्रा की बधाई दी है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत अता हसनैन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी प्रदेशवासियों को रथ यात्रा की शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

फीफा फुटबॉल विश्वकप के फाइनल में अर्जेंटीना का मुकाबला स्पेन से होगा। आज देर रात खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में अर्जेंटीना ने इंग्लैंड को दो–एक से पराजित कर दिया। इसके पूर्व पहले सेमीफाइनल में स्पेन ने फ्रांस को पराजित कर फाइनल में स्थान पक्का किया है। विश्वकप का फाइनल मुकाबला उन्नीस जुलाई को खेला जाएगा।

———————————————————————

अररिया जिले के जोगबनी में भारत–नेपाल सीमा पर जांच के दौरान एसएसबी जवानों ने एक महिला को अड़तीस ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

रोहतास जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत नहौना गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई गोलीबारी मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

———————————————————————

सीवान में जेपी चौक स्थित दरबार रोड के समीप एक साड़ी दुकान में भीषण अगलगी की घटना में बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। अग्निशमन अधिकारियों ने आग लगने का कारण शॉट सर्किट बताया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।